# लैम्बर्टी समूह
# आचार संहिता



अपडेटेड वर्ज़न,
12 सितम्बर 2019 को बोर्ड
ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा
अनुमोदित (अप्रूव्ड)

Lamberti
Designing new values in chemistry

# वषिय वस्तु





## परिचय

5 हतिधारक और दायरा





## आचार घोषणापत्र

7 लैम्बर्टी के पाँच मूल्य
7 वज़िन
7 मशिन




## आचरण के नियम

9 शेयरधारक
9 लैम्बर्टी ग्रुप के सहयोगी
12 साझेदारी संबंध
13 वत्तिीय संस्थाएं
13 लोक प्रशासन
14 प्रतयोगी
14 समुदाय




## कार्यान्वयन, नयिंत्रण और नगिरानी



# परिचय





कंपनियों का समूह जिसमें लैम्बर्टी एस.पी.ए. और उसकी सहायक कंपनियां शामिल हैं ("लैम्बर्टी" या "समूह") एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो निरंतर, तेज़ विकास के साथ विभिन्न संस्थागत, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों में काम कर रही है।
इस आचार संहिता का उद्देश्य आचरण के नियमों का विवरण करना है, जिन पर समूह की गतिविधियां आधारित हैं और समूह के मूल्यों और व्यवहार के नियमों का प्रसार करना है।
इसलिए, इस संहिता को अपनाने का उद्देश्य उन सभी लोगों की ज़रूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करना है जिनके साथ समूह अंदर और बाहर व्यवहार करता है। इस संबंध में इस बात पर बल दिया जाता है कि किसी भी तरह से कंपनी द्वारा इच्छित नियमों के पालन और आचार संहिता की अनुपालना की अवहेलना नहीं की जा सकती है।

**इस आचार संहिता को तीन भागों में बांटा गया है** :

1. आचार घोषणापत्र: समूह की संस्कृति को आधारशिला प्रदान करने वाले मूल्यों, विज़न और मिशन को औपचारिक रूप प्रदान करना;
2. आचरण के नियम: समूह की शैली के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी के क्षेत्रों और अपनाए जाने वाले आचरण पर प्रकाश डालना;
3. कार्यान्वयन, नियंत्रण और अद्यतन: आचार संहिता को लागू करवाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले लोगों की पहचान करना और इस बात की व्याख्या करना कि बताए गए मूल्यों और आचरण को रोज़मर्रा के जीवन में कैसे उतारना है।

## हितधारक और दायरा

जिन देशों में समूह की गतिविधियां संचालित होती हैं, उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विविधता के बावजूद, इटली और विदेशों में लैम्बर्टी समूह की सभी कंपनियों पर यह आचार संहिता लागू होती है, और इसलिए सभी सहयोगी इस आचरण को अपनाने के लिए बाध्य हैं।
समूह की हर कंपनी के लिए, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य, कर्मचारी (मैनेजर्स, व्हाइट और ब्लू कोट वर्कर्स) और वे सभी, जो कंपनी के नाम से और कंपनी की तरफ से और लैम्बर्टी समूह के लिए काम करते हैं वे सभी इसके सहयोगी हैं, चाहे वे किसी भी रूप में समूह से जुड़े हुये हों (जैसे प्रोजेक्ट वर्कर्स, अस्थाई कर्मचारी, ट्रेनीज़)।



# आचार घोषणापत्र





## लैम्बर्टी समूह के पांच मूल्य

### व्यक्ति, जीत की भावना, अखंडता

आपसी सम्मान और सम्मानजनक व्यवहार के आधार पर बेहतर संबंध रखते हुये, प्रत्येक व्यक्ति के मूल्य को मानना और पहचानना।
प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता, पेशेवरता और कौशल का विकास करना।
एक अग्रणी अंतरराष्ट्रीय समूह से जुड़े होने पर गर्व की भावना को बढ़ावा देना।
प्रतिभाशाली कर्मचारियों को आकर्षित करने और बनाए रखने में सक्षम संगठन का निर्माण; विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन, कौशल का आपसी साझाकरण, निरंतर सुधार, प्रतिनिधित्व करना और मिलकर काम करना।

### नवाचार और रचनात्मकता

उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए ऐसी उत्पादन तकनीकों और एप्लीकेशन्स का इस्तेमाल करना जो मौलिक हैं, खुद के स्वामित्व की हैं और व्यवसायिक दृष्टि से मूल्यवान हैं।
नई पहल और प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देना जो कंपनी के प्रोडक्ट्स के नवाचारों के अनुकूल और पार्टनर्स (जैसे ग्राहक, आपूर्तिकर्ता (Suppliers) और कंपनी के सहयोगी तृतीय पक्षों के साथ तालमेल में हों।

### साथ मिलकर काम करना

विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए, साथ मिलकर काम करना और दूसरों की ज़रूरतों को समझना और हर संभव मदद करना।
अंतरविभागीय कार्य समूहों के साथ, एक नज़दीकी और प्रभावी रिश्ता कायम करना, साथ मिलकर समान उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए परिणामोन्मुखी नज़रिये और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ काम करना

### सतत औद्योगिक विकास

लोगों की सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा और सामुदायिक हितों को सुनिश्चित करते हुये विकासशील तकनीकों, प्रक्रियाओं और उत्पादों को बढ़ावा वाली औद्योगिक गतिविधियों की योजना बनाना, संचालन करना और विकसित करना।

### आर्थिक स्थिरता और स्वतन्त्रता

आर्थिक स्थिरता और वित्तीय स्वायत्तता को सुनिश्चित करते हुये, मूल्य सृजन और कंपनी के दीर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करने वाली स्थितियों को बनाए रखना।

## विज़न

हम एक ऐसी कंपनी बनना चाहते हैं, जो हमसे जुड़े लोगों के माध्यम से रसायनशास्त्र और औद्योगिक प्रभावशीलता को एकीकृत करने की क्षमता द्वारा नवाचार के मूल्यों को प्रदर्शित करती है।

इसके लिए हम सतत विकास के मापदंडों के अनुरूप, अपने अनुसंधान और बाज़ार की परिस्थितियों पर गौर करते हुये जटिल समस्याओं के बेहतर समाधान खोजने का लक्ष्य रखते हैं।

## मिशन

हम संभावनाओं से भरे उद्योगों में काम लिए जाने वाले विशेष रसायनों के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, ताकि उनकी उत्पादन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बना सकें या उनके तैयार उत्पादों को बेहतर कर सकें।

ऐसा करने के लिए, हम बाज़ार में सबसे महत्त्वपूर्ण उपभोक्ताओं के साथ भागीदारी स्थापित करना चाहते हैं और साथ ही, जहां संभव या उपयुक्त हो, हमारे आपूर्तिकर्ताओं के साथ भी।

हमारे शेयरधारकों, कर्मचारियों, ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के हितों को पूरा करने के लिए तकनीक और सर्विस का एकदम सही मिश्रण करने का हमारा सतत प्रयास है। साथ ही पर्यावरण और स्थानीय समुदाय का पूरा ध्यान रखते हुये, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में एक स्थिर संस्थान स्थापित करने के लिए हम पूरी तरह समर्पित हैं।



# आचरण के नियम





# शेयरधारक

## व्यवसाय में निरंतरता

लैम्बर्टी समूह में व्यवसाय के जोखिम की सुरक्षा एक नीति के माध्यम से की गई है जो कि मध्यम से दीर्घावधि में समूह की दृढ़ता को सुरक्षित करती है। साथ ही साथ यह नीति समूह के प्रतिस्पर्धात्मक रवैये और पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा को बढ़ावा देती है।

## कॉर्पोरेट गवर्नेंस

लैम्बर्टी समूह बेहतरीन कॉर्पोरेट गवर्नेंस के मानक निर्धारित करता है जो कि डायरेक्टर्स और स्टेकहोल्डर्स के हितों को ध्यान में रखते हुये समूह के मूल्यों और प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए बनाए गए हैं।

## इन्फ्रा-समूह ऑपरेशन्स की पारदर्शिता और निष्पक्षता

कंपनी समूह के सभी शेयरधारकों को निष्पक्षता, स्पष्टता और सूचना की समान पहुँच की गारंटी देती है, ताकि सूचनाओं का कोई गलत इस्तेमाल न हो।
लैम्बर्टी एक निष्पक्ष बाज़ार मूल्य पर इन्फ्रा-ग्रुप ऑपरेशन्स का संचालन करता है, जिनमें पारदर्शिता व उद्देश्य के मूल्यांकन के लिए पर्याप्त और प्रक्रियात्मक मापदंडों का पालन किया जाता है।
इसलिए, समूह में कंपनियों के बीच वस्तुओं और/या सेवाओं के आदान-प्रदान के बदले लिए जाने वाले पेमेंट को बाज़ार की स्थितियों के अनुरूप निर्धारित किया गया है और यह हमेशा उचित (तर्कसंगत) होना चाहिए।

# लैम्बर्टी समूह के सहयोगी

## प्रतिनिधित्व और सहयोग

लैम्बर्टी के सहयोगियों को पेशेवर और काम के लिए तत्पर रवैया अपनाते हुये, समूह की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए, समूह के अंदर और बाहर जिनसे भी वे सम्पर्क में आते हैं, उनसे आपसी विश्वास और सहयोग का संबंध बनाए रखना है।
सभी सहयोगियों को इस बात की जवाबदेही सुनिश्चित करनी है कि वे रोज़मर्रा के कार्यों में, उच्च व्यवहारिक मानकों का पालन करेंगे और विश्वसनीयता, प्रभावशीलता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देंगे ताकि समूह की शैली औरों से अलग बनी रहे।

## ईमानदार, पारदर्शी आचरण

सहयोगियों को लैम्बर्टी समूह के मिशन को आगे बढ़ाते हुये, उपक्रमों, प्रक्रियाओं, विनियमों और कानूनों की पालना करते हुये अपना व्यवसाय करना है। जो भी सहयोगी लैम्बर्टी के फायदे के लिए काम कर रहा है, उसका व्यवहार कभी आचार संहिता के सिद्धांतों के विपरीत नहीं होना चाहिए। सुचारु कार्य संचालन और समूह की प्रतिष्ठा के लिए, सभी शेयरधारकों द्वारा इसकी पालना की जानी चाहिए।

## हितों का टकराव

हितों का टकराव तब होता है जब लैम्बर्टी का एक सहयोगी अपने पद का उपयोग निजी फ़ायदे के लिए करता है या उनका निजी हित समूह के प्रतिकूल है। इसलिए, हर सहयोगी को ऐसे किसी भी निवेश, हित या भागीदारी में शामिल होने से बचना है जो उनके लैम्बर्टी की तरफ से निष्पक्ष मूल्यांकन या निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करते हैं या प्रभावित कर सकते हैं।
सहयोगियों को हर उस स्थिति की जानकारी देनी है जिसमें उनका निजी हित कंपनी के हित से टकराता है।
उदाहरण के लिए, हितों के टकराव में ये चीजें शामिल हो सकती हैं:
• उन व्यक्तियों, और/या कंपनियों से धन, उपहार या लाभ प्राप्त करना जो लैम्बर्टी के साथ आर्थिक समझौते (agreements) स्थापित करने का इरादा रखते हैं;
• ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और प्रतियोगियों के लिए कुछ ऐसा काम करना, जो लैम्बर्टी को नुकसान पहुंचा सकता है;
• परिवार के सदस्य के लिए लाभ प्राप्त करने के इरादे से कंपनी के भीतर अपने पद का प्रयोग करते हुये कोई निर्णय लेना या निर्णय लेने की विनिती करना

## सूचना प्रसंस्करण

• सूचना की पारदर्शिता और सटीकता: सहयोगियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनको दिये गए कार्यों को करते समय दस्तावेज और जानकारी पूरी तह विश्वसनीय, पारदर्शी, सटीक और पूरी हो। कंपनी वित्तीय विवरणों, रिपोर्टों और कानून द्वारा निर्धारित अन्य कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन में निहित डेटा और सूचनाओं की सटीकता व सत्यता को बदलने की दिशा में किए गए किसी भी व्यवहार की निंदा करती है, जो आमजन, सुपरवाइज़री ऑथोरिटी, बोर्ड ऑफ ऑडिटर्स और किसी बाहरी ऑडिटर के लिए किया गया हो।
• सूचना की गोपनीयता : समूह के सहयोगी कानून की पालना से बंधे हुये, समूह की मुख्य और निजी सूचना और बौद्धिक संपत्ति की गोपनीयता की गारंटी देते हैं।
कंपनी गारंटी देती है कि गोपनीय जानकारी का प्रबंधन उचित तरीके से किया जाएगा और आशा करती है कि कंपनी या थर्ड पार्टीज़ से जुड़ी गोपनीय जानकारी को सभी सहयोगी खुद तक ही रखेंगे।
• निजी डेटा सुरक्षा : कंपनी बिज़नेस के दौरान किसी सहयोगी और तृतीय पक्ष से ली गई निजी जानकारी की सुरक्षा करती है। लैम्बर्टी इस डेटा का इस्तेमाल निर्धारित कानून के अनुसार करती है और आमजन की सुरक्षा इसका नैतिक कर्तव्य है।

## ट्रैसेबलिटी और संचालन की निष्पक्षता

सभी कार्य और लेन-देन, व्यापक रूप में निहित अर्थ में, ईमानदारी और निष्पक्षता के सिद्धांतों की पालना के अनुसार और पंजीकृत (registered) होने चाहिए।
लैम्बर्टी के सभी सहयोगियों को पूरी तत्परता के साथ काम करना है और सुनिश्चित करना है कि उनके द्वारा की गई गतिविधियां दस्तावेजी और डिजिटल साक्ष्य के अनुसार हैं, इनका संचालन औचित्यपूर्ण और कानूनी तरीके से किया गया है, और वे लोग कंपनी की जानकारी में हैं जो इसके लिए नियुक्त हैं, जिन्होने काम किया है, रजिस्टर किया है और इसकी जांच की है।
लैम्बर्टी समूह निष्पक्ष व्यापार के सिद्धान्त को बढ़ावा देता है, जिसमें तृतीय पक्ष से सांठ-गांठ करना, मनी-लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देने वाले व्यवहार, या इटली में या बाहर गैर-कानूनी तरीके से सामान और लाभ प्राप्त करना और इस्तेमाल करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके लिए, लैम्बर्टी की संवेदनशील प्रक्रियाओं में काम करने वाले सहयोगियों को व्यवहार के मानकों का पालन करना है, जो कि समूह के द्वारा पहले से निर्धारित नियमों से अनुसार हैं।

## उपहार और लाभ

तृतीय पक्ष (लोक प्रशासन, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता) साथ ही मध्यस्थ संस्थाओं से/को, ऐसी कोई भी धनराशि, उपहार या लाभ देने व लेने की मनाही है, जिसका उद्देश्य आपस में फायदा पहुंचाना हो, और जिसका संबंध बिज़नेस के परफ़ोर्मेंस से हो जो कि दूसरे पक्ष के निर्णय की स्वतन्त्रता को प्रभावित करता हो, या समूह का फायदा या हित सुनिश्चित करता हो।
व्यवहार शिष्टाचार, जैसे कि मुफ़्त सामान और आतिथ्य सत्कार, बिना किसी पूर्व अनुमति के स्वीकार्य हैं, बशर्ते कि इसके लिए संबन्धित विभाग से लिखित में अनुमति ली गई हो, उनका उचित कारण हो और किसी भी पक्ष की ईमानदारी और प्रतिष्ठा से समझौता न हो।

## कंपनी की संपत्ति का इस्तेमाल

लैम्बर्टी के लोगों को कॉर्पोरेट असेट्स (स्थिर और अस्थिर) की सुरक्षा पूरी तत्परता से करनी है, उन्हें उचित तरीके से काम लेना है और तृतीय पक्ष द्वारा इनके गलत इस्तेमाल को रोकने की दिशा में काम करना है।

## सुपरवाइज़री बॉडीज़ के साथ सहयोग

बाहरी ऑडिटिंग फर्म, कंपनी निकाय और पर्यवेक्षी प्राधिकरण के साथ लैम्बर्टी समूह की कंपनियों के संबंध विश्वसनीयता, कानूनी अनुपालना और आपसी सहयोग पर आधारित होंगे ताकि मॉनिटरिंग और ऑडिटिंग गतिविधियों का परफ़ोर्मेंस सही और बेहतर हो सके।

## लोगों की अखंडता, शारीरिक और नैतिक सुरक्षा

समूह की सदस्य कंपनियां सूचना और जागरूकता के आधार पर सुरक्षा के प्रसार को बढ़ावा देंगी, इसके लिए सभी सहयोगियों को जोखिम से जुड़ी जानकारी दी जाएगी और जिम्मेदाराना व्यवहार को बढ़ावा दिया जाएगा, सुरक्षात्मक उपाय अपनाए जाएँगे, लैम्बर्टी की साइट्स पर काम करने वाले सभी अनुबंधकर्ता और उपअनुबंधकर्ता के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा।
इस प्रयोजन के लिए, कंपनी तकनीकी और संगठनात्मक हस्तक्षेप करती है:
• उस जगह पर किसी भी जोखिम को रोकने/दूर करने/संभालने के लिए नियमित रूप से जोखिम मूल्यांकन किया जाएगा;
• काम करने वाले लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के जोखिम को रोकने के लिए बेहतर तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा;
• काम करने के तरीकों पर नियंत्रण और उनका अपडेशन;
• प्रशिक्षण और संचार नवाचार से अवगत करवाना.
लैम्बर्टी के लोगों को सुरक्षा और पर्यावरण के संबंध में दिये गए नियमों और संदर्भ क़ानूनों से जुड़े कर्तव्यों का कड़ाई से पालन करना होगा, साथ ही कंपनी की सभी प्रक्रियाओं और नियमों से जुड़े उपायों का भी।
इस तरह, काम से जुड़े जोखिम के मूल्यांकन, प्रबंधन और रोकथाम पर ध्यान देते हुये लैम्बर्टी समूह एक ऐसे कामकाजी वातावरण की गारंटी देती है, जो पूरी तरह स्वास्थ्य और सुरक्षा क़ानूनों का पालन करता है। साथ ही, यह एक शांत, प्रेरक और सकारात्मक कार्यशील वातावरण को बनाए रखने के लिए काम करता है, अपने कर्मचारियों की निजी गरिमा का सम्मान करने वाली कार्य स्थितियों के अधिकार की रक्षा करता है।

## लोगों को महत्त्व प्रदान करना

समूह हर तरह के भेदभावपूर्ण व्यवहारों और लोगों को, उनकी मान्यताओं और प्रवृत्तियों को नुकसान पहुंचाने का विरोध करता है, खास तौर पर शारीरिक और मानसिक विकलांगता और हानिया उनकी संस्कृति, धर्म या लिंग-भेद के आधार पर।
चयन, भर्ती और आंतरिक विकास के चरणों में लैम्बर्टी समूह उचित मानदंड अपनाता है ताकि लैम्बर्टी के सभी लोगों से मेरिट के आधार पर समान व्यवहार किया जा सके और किसी के साथ कोई भेदभाव न हो। खास तौर पर, समूह सभी कर्मचारियों के लिए जो नियम व शर्तें बनाता है उनसे जाति, मूल उद्भव, राष्ट्रीयता या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव पैदा न हो और उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित किया जा सके। इसमें केवल लिंग उत्पीड़न ही नहीं बल्कि ऊपर बताए गए अन्य उत्पीड़न भी शामिल हैं।
समूह गैरकानूनी श्रम, बाल श्रम, मजबूर या बाध्य श्रम के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह यौन उत्पीड़न, व्यवहार और किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाने वाले शब्दों, कार्यस्थल पर काम करते समय शराब या ड्रग्स के उपयोग को निषिद्ध करता है और इनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए प्रयासरत है। कंपनी, कंपनी संसाधनों का उपयोग करते हुये पोर्नोग्राफी और चाइल्ड पोर्नोग्राफी के अधिग्रहण, प्रसार और उपयोग को भी प्रतिबंधित करती है।
हर सहयोगी को कंपनी की नीतियों, प्रक्रियाओं और नियमों के अनुरूप जिम्मेदार, ईमानदार, मेहनती तरीके से अपनी गतिविधियों को करना है और यह सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रयास करना है कि कामकाजी वातावरण में हर व्यक्ति की संवेदनशीलता, गरिमा और प्रतिष्ठा का सम्मान हो।

## कॉर्पोरेट उद्देश्यों की योजना

लैम्बर्टी समूह यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि सामान्य और व्यक्तिगत वार्षिक उद्देश्य एक संभावित, विशिष्ट, व्यावहारिक, मापक परिणाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हें कि निर्धारित समय में पाया जा सके।

# साझेदारी संबंध

### प्रतिनिधित्व

लैम्बर्टी समूह अपने सभी सहयोगियों के साथ ऐसे साझेदारी संबंध रखता है, जो एक समेकित प्रतिष्ठा, अनुभव और निर्धारित सिद्धांतों के अनुपालन पर आधारित हैं।
परिभाषित अनुबंधित संबंधों के दायरे में समूह की शैली को बनाए रखने के लिए, सभी भागीदारों को पूरे पेशेवर तरीके से और कानूनों की पालना के साथ काम करना है।

### ईमानदार, पारदर्शी और सहयोगी आचरण

साझेदारों को अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुपालन में, निष्पक्षता के साथ कार्य करना है, लैम्बर्टी के साथ पूर्ण और सक्रिय सहयोग को बढ़ावा देना है। इसलिए, कार्य का जो भी अनुबंध (Contract) और अवधि हो, संबंध पूरी पारदर्शिता और दक्षता के आधार पर होना चाहिए, जिससे कि कार्यों को ट्रेस और ट्रैक किया जा सके।
लैम्बर्टी समूह अपने पार्टनर्स की जानकारी को पूर्ण गोपनीयता बनाए रखने और ऊपर बताई गई जानकारी को केवल विशेष पेशेवर कारणों से और हर मामले में लिखित अनुमति प्राप्त करके ही इसके इस्तेमाल के लिए प्रतिबद्ध है।
**जब दंडस्वरूप मौजूदा अनुबंध को तोड़ने का सवाल हो, तो किसी भी परिस्थिति में समूह के हित के लिए बनाए गए कानून और इस कोड की सामग्री के अनुपालन नहीं करने को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।**

### उपभोक्ता

<u>गुणवत्ता और नवाचार</u>
लैम्बर्टी समूह उपभोक्ताओं को आश्वस्त करता है कि समूह उनके कार्यों को यथासंभव प्रभावी तरीके से करेगा और इन कामों के एकीकरण, गुणवत्ता, प्रभावशीलता, दक्षता और आर्थिक मूल्य को ध्यान में रखते हुये उन्नत और अभिनव समाधानों को अपनाया जाएगा।
<u>संवाद और अनुबंधों की निष्पक्षता</u>
अपने उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करना लैम्बर्टी समूह का एक मुख्य उद्देश्य है, साथ ही निष्पक्षता, ईमानदारी, दक्षता और व्यवसायिकता के मूल्यों से प्रेरित एक ठोस संबंध बनाना भी।
उपभोक्ताओं के साथ स्थापित अनुबंध और सामान्य रूप से हर संवाद, सादगी, स्पष्टता और पूर्णता के मापदंड पर आधारित हैं, जिसमें हर संसाधन को गलत व्यवहार की मनाही है। अप्रत्याशित घटनाओं को छोडकर, समूह अपने सहयोगियों की कमजोरी और निर्भरता का फायदा नहीं उठाएगा।

### वस्तुओं और सेवाओं के आपूर्तिकर्ता

<u>उद्देश्य का मूल्यांकन</u>
आपूर्तिकर्ता की चयन प्रक्रिया निष्पक्षता, उचित कीमत, गुणवत्ता, नवाचार, सहयोग और नैतिकता के सिद्धांतों पर आधारित मानदंडों पर आधारित है ।.

<u>संवाद और अनुबंधों की निष्पक्षता</u>
लैम्बर्टी समूह सप्लायर्स के साथ अपने अनुबंधों को निष्पक्ष, पूर्ण और पारदर्शी तरीके से स्थापित करता है, साथ ही उन परिस्थितियों से पहले ही अवगत कराता है जिनका स्थापित संबंधों पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।
आपूर्तिकर्ता के साथ अनुबंध हमेशा एकदम पारदर्शी संबंधों पर आधारित होना चाहिए, जितना संभव हो, इसमें अनुबंध की ऐसी शर्तें न हों, जो आपूर्तिकर्ता पर निर्भरता को बढ़ाती हों। अप्रत्याशित घटनाओं को छोडकर, समूह अपने सहयोगियों की कमजोरी और निर्भरता का फायदा नहीं उठाएगा और आशा करता है कि इसके सप्लायर भी इसी तरीके से काम करेंगे।
समूह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा (Competition) को बनाए रखते हुये यह सुनिश्चित करना है कि समूह और उसके आपूर्तिकर्ता सतत विकास को आगे बढ़ाते हुये, व्यक्ति, कर्मचारी, स्वास्थ्य व सुरक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा के सिद्धांतों के साथ लागू कानून के अनुरूप संचालन समाधान (Operating Solution) अपनाएंगे।
इसके अतिरिक्त, समूह हर प्रकार के भेदभाव की निंदा करता है और किसी भी परिस्थिति में बाल श्रम (Child Labor) की मनाही करता है। इन सिद्धांतों का आपूर्तिकर्ता की चयन प्रक्रिया के दौरान पूरा ध्यान रखा जाएगा।
**व्यक्तिगत आपूर्तिकर्ता, अनुबंध स्थापित करते हुये, यह घोषणा करते हैं कि वे इस संहिता द्वारा बनाए गए सिद्धांतों को साझा करते हैं और उनका पालन करते हैं। वैधता, निष्पक्षता, पारदर्शिता, गोपनीयता और व्यक्तिगत गरिमा के सिद्धांतों का उल्लंघन अनुबंध का उल्लंघन माना जाएगा, और परिणामस्वरूप लागू अनुबंध को खत्म कर दिया जाएगा।**

# वित्तीय संस्थाएं

फायनेंसरस वे वित्तीय संस्थाएं हैं जो लैम्बर्टी के निवेश निर्णयों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं।

### सूचनात्मक लेख की पारदर्शिता

लैम्बर्टी यह सुनिश्चित करेगा कि वित्तीय संस्थाओं द्वारा मांगी गई हर जानकारी विश्वसनीय हो और तुरंत प्रदान की जाए, ताकि निवेश के संबंध में उनका निर्णय समूह की परिसंपत्तियों, आर्थिक और वित्तीय स्थितियों की सही जानकारी के आधार पर हो सके।

### वचन का पालन

प्राप्त फाइनेंस के संबंध में, लैम्बर्टी निर्धारित तिथियों से बंधे हुये, वित्तीय संस्थाओं से की गई प्रतिबद्धताओं का कड़ाई से पालन करता है।

# लोक प्रशासन

“लोक प्रशासन” का तात्पर्य उन सभी पक्षों से है जो “सार्वजनिक कार्य” या “सार्वजनिक सेवा” करते हैं, जिनके साथ लैम्बर्टी समूह उन सभी देशों में संवाद करता है जिनमें समूह अपना कार्य संचालन करता है। ।

### सम्बन्धों की निष्पक्षता

लोक प्रशासन और विदेशी अधिकारियों, या अंतरराष्ट्रीय संगठनों से संबंधित लोगों के साथ व्यवहार में प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त पक्षों को किसी भी तरह से लैम्बर्टी समूह की अखंडता और प्रतिष्ठा से समझौता किए बिना, लागू कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ निष्पक्षता, पारदर्शिता और वैधता के सिद्धांतों की सख्ती से पालना करते हुये अपना काम करना है।
भ्रष्टाचार, गैरकानूनी फायदा पहुंचाना, सांठगांठ वाला व्यवहार और समूह व दूसरों के लिए व्यक्तिगत लाभ का अनुरोध - ये सभी कड़ाई से प्रतिबंधित हैं।
लोक प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ संबंधों का प्रबंधन करने के लिए कंपनी द्वारा नियुक्त और अधिकृत लोगों को इस बात का विशेष ध्यान रखना है।
लोक प्रशासन के साथ अपने संबंधों में, हितधारकों द्वारा अनुपयुक्त रूप से इच्छुक प्रशासनिक अधिकारी के निर्णयों को प्रभावित नहीं किया जाएगा और विशेषतः, ये अधिकारी कंपनी की ओर से मोलभाव करने और निर्णय लेने के लिए ज़िम्मेदार हैं।
किसी भी निरीक्षण, जांच, पड़ताल या कानूनी कार्यवाही के दौरान लैम्बर्टी समूह न्यायिक प्राधिकरण, पुलिस बलों और किसी भी सरकारी अधिकारी का सक्रिय रूप से सहयोग करेगा। इस अर्थ में, कंपनी के पक्ष में निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करने के लिए, समूह की कंपनियों के सदस्यों के लिए इन लोगों को, या उन लोगों को जो ऊपर बताई गई जांच या निरीक्षण करते हैं, को उपहार, धन या अन्य लाभों का वादा करना प्रतिबंधित है।

### उपहार और लाभ

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, कर्मचारी और वे लोग जो किसी भी कारण से लैम्बर्टी की तरफ से काम करते हैं, वे इटली के बाहर लोक प्रशासन के प्रतिनिधियों, या उनके परिवार के सदस्यों को धनराशि, उपहार, या अन्य कोई लाभ नहीं दे सकते हैं, जब वे कर्मचारी या लोग समूह का हित या फायदा करने में सक्षम हों।
व्यवहार शिष्टाचार, जैसे कि मुफ़्त सामान और आतिथ्य सत्कार समूह द्वारा स्वीकार्य हैं, बशर्ते कि इसके लिए संबन्धित विभाग से लिखित में अनुमति ली गई हो, उनका उचित कारण हो और किसी भी पक्ष की ईमानदारी और प्रतिष्ठा से समझौता न हो।
लोक प्रशासन के पूर्व कर्मचारियों को, संबन्धित क्षेत्र में उनकी दक्षता का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करके ही नौकरी पर रखा जाएगा।

### योगदान और अनुदान

लैम्बर्टी समूह, लोक प्रशासन (यूरोपियन कम्यूनिटी,

राज्य, स्थानीय प्राधिकरण) से लाभ प्राप्त करने, किसी भी प्रकार के योगदान, फंडिंग या गलत बयानबाजी और/या दस्तावेज़ जारी करके इस तरह का कोई पेमेंट लेने या पेमेंट करने वाले संगठन को गुमराह करने के प्रयास में जानकारी प्रस्तुत करने के किसी भी व्यवहार की निंदा करता है ।
कंपनी यह भी गारंटी देती है कि प्राप्त सब्सिडी और फंडिंग का उपयोग उन उद्देश्यों के लिए किया जाएगा जिनके लिए उन्हें मांगा गया या प्राप्त किया गया है।

# प्रतियोगी

लैम्बर्टी समूह बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धी बढ़त को बनाए रखने के उद्देश्य से तैयार की गई एक सेल्स पॉलिसी को अपनाता है, जो प्रतिस्पर्धा के संबंध में लागू कानूनों और नियमों के अनुपालन में काम करती है और अनुचित प्रतिस्पर्धा के तरीकों को अपनाने पर रोक लगाता है।
समूह उन सभी प्रकार के समझौतों या व्यवहार का विरोध करता है जो संभवतः गैरकानूनी या सांठगांठपूर्ण हो सकते हैं।

# समुदाय

### मास मीडिया

मास मीडिया के उद्देश्य से लैम्बर्टी समूह के बारे में डेटा या जानकारी का संचार (communication) केवल कंपनी द्वारा नियुक्त और अधिकृत लोगों द्वारा ही किया जा सकता है। इसलिए, अन्य किसी भी व्यक्ति को बिना पूर्व अनुमति के कंपनी से जुड़ी खबरें फैलाने की अनुमति नहीं है।
किसी भी मामले में, समूह के बाहर की पार्टियों के लिए डेटा और जानकारी का संचार सूचना के अधिकार के अनुपालन पर आधारित है और इसलिए यह जानकारी विश्वसनीय, पूर्ण और निष्पक्ष होनी चाहिए।
कोई प्राथमिकता पाने, या भ्रामक विज्ञापन के उद्देश्य से किसी भी रूप में, मीडिया पर कोई दबाव नहीं डाला जा सकता है।

### गैर-लाभकारी संस्थाएं

नैतिक, कानूनी और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में समूह जिस समुदाय में काम करता है उसकी भलाई के लिए “गैर-लाभकारी“ गतिविधियों को बढ़ावा देता है।
कल्याणकारी संगठनों (Charitable Organisations) और संस्थाओं को दान (Donation) तभी किया जा सकता है जब उनका उद्देश्य सामाजिक लाभ पहुंचाना हो और लैम्बर्टी समूह की सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी का निर्वहन हो।
ऐसा कोई भी डोनेशन कानून के दायरे में होना चाहिए और पर्याप्त व विश्वसनीय दस्तावेजों के साथ होना चाहिए।
कंपनी ऐसी संस्थाओं को कोई योगदान नहीं देगी जहां हितों का टकराव पैदा हो (उदाहरण के तौर पर, ट्रेड यूनियन्स को दान)

### पर्यावरण और सुरक्षा

समुदाय और भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए सबसे उपयुक्त उपायों को अपनाते हुये समूह अपने औद्योगिक विकास के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है; खास तौर पर, प्रमाणित पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से।
लैम्बर्टी 'रेस्पोंसिबल केयर' से जुड़ा हुआ है, जो कि वर्कर्स के स्वास्थ्य व सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाए गए सिद्धांतों और व्यवहारों को लागू करने पर आधारित वैश्विक रसायन उद्योग का स्वैच्छिक कार्यक्रम है।





# कार्यान्वयन, नियंत्रण और निगरानी के तरीके

### हितधारक की ज़िम्मेदारियाँ

इस संहिता के हितधारकों को इटली या विदेश में किसी अपवाद या भेद के बिना इसका पालन करना है। किसी भी तरह से समूह के लाभ के लिए काम करते हुये, किसी भी पक्ष द्वारा यहां बताए गए सिद्धांतों और आचरण के नियमों के विपरीत व्यवहार करने को न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है।
सभी हितधारकों को इस तरह से काम करना है जिससे समूह के अंदर और सामान्य रूप से इन नियमों का संतोषजनक प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके। कंपनी बॉडीज़ और मैनेजर्स का भी कर्तव्य है कि वे उदाहरण पेश करते हुये नेतृत्व करें, यह सुनिश्चित करें कि उनका दैनिक व्यवहार आचार संहिता के नियमों के अनुसार है।

Lamberti

Designing new values in chemistry

**Lamberti S.p.a.**
Via Marsala 38/D
21013 Gallarate (VA) Italy
lamberti.com